>

Title: Need to withdraw the order of MCD regarding felling of trees for widening a road in Subhashnagar area of West Delhi Parliamentary Constituency, Delhi.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): आज दिल्ली में जो प्रदूषण से मुक्त है तो इसकी मुख्य वजह दिल्ली में अधिक से अधिक पेड़ लगाये गये हैं, परन्तु एम.सी.डी. द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र सुभाष नगर में सिर्फ एक सड़क को चौड़ा करने के लिए 40-50 साल पुराने लगभग 100-150 पेड़ काटने का आदेश जारी किया जा चुका है, जिससे स्थानीय जनता में काफी आक्रोश पैदा हो गया है, इस तरह के आदेश से कल दिल्ली की कई कालोनियां अपने यहां रोड़ चौडा करने के लिए पेड़ कटवाने की मांग कर सकती है, इससे राजधानी दिल्ली के पर्यावरण को खतरा पैदा हो सकता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता की मांग है कि यहां पर पेड़ों की कटाई का आदेश अतिशीघ्र रद्द किया जाये जिससे राजधानी दिल्ली हरीभरी और प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग मिल सके।